नवोदय टाइम्स
THU,07 AUGUST 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 3

# सेमीनार व नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

## ईएसआईसी ने शुरू की एसपीआरईई (स्प्री)-2025 योजना जन सुरक्षा कवरेज योजना

गुड़गांव, 6 अगस्त (ब्यूरो): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम ने सेमीनार व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नियोक्ताओं व कर्मचारियों को एसपीआरईई(स्प्री) योजना-2025 के प्रति जागरूकता अभियान चलाया।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा शुरू की गई है। योजना में नियोक्ताओं व कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीआरईई-2025) जो कि ईएसआई अधिनियम के तहत सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करने के उद्देश्य से एक विशेष पहल है। योजना का शुभारंभ केन्द्रीय श्रम व रोजगार मंत्री द्वारा किया गया था। यह 01 जुलाई से 31 दिसंबर-2025 तक सक्रिय रहेगी। अपंजीकृत नियोक्ताओं व कर्मचारियों जिनमें संविदा व अस्थायी कर्मचारी शामिल होते है उनको निरीक्षण या पिछले बकाया की मांग का सामना किए बिना पंजीकरण करने का एक बार का अवसर प्रदान करती है। चिकित्सा सुविधाओं व पैनल अस्पतालों में उपचार के बारे में जानकारी दी गई। ईएसआईसी कार्यालय प्रमुख सुनील यादव-निदेशक(प्रभारी), जनसंपर्क अधिकारी डॉ. स्वीटी यादव, कमलेन्द्र कुमार-सहायक निदेशक के अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा अधिकारी विकास, जयप्रकाश यादव, मनोज सचदेवा, अंकित मौजूद रहे।




*स्प्री की जानकारी देते मंच पर बैठे अधिकारी।*

# सेमीनार व नुक्कड़ नाटक से जागरूकता अभियान

कुमार प्रवेश, गुड़गांव टुडे



**गुरुग्राम।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम ने सेमीनार व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नियोक्ताओं व कर्मचारियों को एसपीआरईई(स्प्री) योजना-2025 के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा शुरू की गई है।

योजना में नियोक्ताओं व कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीआरईई-2025) जो कि ईएसआई अधिनियम के तहत सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करने के उद्देश्य से एक विशेष पहल है। योजना का शुभारंभ केन्द्रीय श्रम व रोजगार मंत्री द्वारा किया गया था। यह 01 जुलाई से 31 दिसंबर-2025 तक सक्रिय रहेगी। अपंजीकृत नियोक्ताओं व कर्मचारियों जिनमें संविदा व अस्थायी कर्मचारी शामिल होते है उनको निरीक्षण या पिछले बकाया की मांग का सामना किए बिना पंजीकरण करने का एक बार का अवसर प्रदान करती है। योजना के व्यापक प्रचार हेतु ईएसआईसी के उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम ने गुरुग्राम औद्योगिक संघ के परिसर में एक सेमीनार के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जहां कार्यालय प्रमुख सुनील यादव-निदेशक (प्रभारी) ने स्प्री योजना-2025 के बारे में संपूर्ण जानकारी नियोक्ताओं व कर्मचारियों को दी। कार्यक्रम में गुरुग्राम औद्योगिक संघ के पूर्व अध्यक्ष जे.एन. मंगला, गुड़गाँव इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष सुमित राव, गुरुग्राम औद्योगिक संघ के महासचिव सहित अतिरिक्त 60 से अधिक नियोक्ता शामिल रहे। इस अवसर पर नाटक मंचन जिसमें सीमा कपूर, सुनील, विनीता, अंकुर कोहली, शुभम एवं सुनील ने अपने अभिनय से अपंजीकृत नियोक्ताओं व कंपनी कार्मिकों को स्प्री योजना-2025 के तहत दी जाने वाली हितलाभों व चिकित्सा सुविधाओं के प्रति जागरूक किया। नाटक मंचन के माध्यम से ईएसआईसी की योजनाओं व बीमारी हितलाभ, चिकित्सा हितलाभ, अशक्तता हितलाभ, मातृत्व हितलाभ व आश्रितजन हितलाभ के अलावा ईएसआईसी अस्पतालों द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं व पैनल अस्पतालों में उपचार के बारे में जानकारी दी गई। ईएसआईसी कार्यालय प्रमुख सुनील यादव-निदेशक(प्रभारी), जनसंपर्क अधिकारी डॉ. स्वीटी यादव, कमलेन्द्र कुमार-सहायक निदेशक के अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा अधिकारी विकास, जयप्रकाश यादव, मनोज सचदेवा, अंकित मौजूद रहें।

# सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश कृष्ण मुरारी ने विधि विद्यार्थियों को दिया जीवन में न्याय, करुणा और साहस का मंत्र

गुड़गांव टुडे, गुरुग्राम



सुषांत विश्वविद्यालय, गुरुग्राम के विधि स्कूल द्वारा आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम 2025 के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश माननीय श्री कृष्ण मुरारी रहे। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने नवप्रवेशी विधि विद्यार्थियों को कानून के क्षेत्र में